हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 1 नवंबर 2025

04 आयुक्त के निर्देशः नई कार्यप्रणाली माइक्रो ...



07 सरदार पटेल की जयंती पर संगोष्ठी व रैली का आयोजन






### पाटीदार समाज संगठन जिला आगर मालवा ने एकता दिवस के रूप में मनाई जयंती

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर में वाहन रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



अखंड भारत के निर्माता, लौह पुरुष एवं भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को पाटीदार समाज संगठन जिला आगर मालवा द्वारा एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर में शुक्रवार को वाहन रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में पाटीदार समाज जनों द्वारा भाग लिया गया। समापन स्थल पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रबुद्धजनों द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया

पाटीदार समाज संगठन तहसील नलखेड़ा के द्वारा स्वतंत्र भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाले 'लौह पुरुष', पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री, भारत रत्न से सम्मानित, अखंड भारत के शिल्पी सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर आमला रोड गुदरावन से नगर में विशाल वाहन रैली निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई आस्था एकेडमी भैसोदा रोड नलखेड़ा पर पहुंची जहां समापन कार्यक्रम के साथ संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि मप्र पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन परिषद के चेयरमेन हीरालाल पाटीदार थे। अतिथि के रूप में पूर्व विधायकगण वल्लभभाई अम्बावतीया फूलचंद वेदिया व मुरलीधर पाटीदार उपस्थित थे। अध्यक्षता शिवनारायण पाटीदार आचार्य द्वारा की गई। कार्यक्रम में संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी नरेंद्र वेदिया नंदकिशोर पाटीदार राधेश्याम भालोट जिलाध्यक्ष कैलाश पाटीदार व जिले के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समाजजनों द्वारा देश की एकता व अखंडता की शपथ ली गई। कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष श्यामसुंदर पाटीदार व आभार महेश पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया। वाहन रैली के पूर्व अतिथियों द्वारा सरदार पटेल चौराहे पर लौह पुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से पाटीदार समाजजनों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया।





### सांदीपनि विद्यालय में लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती मनाई



**नलखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई जहां सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी ने सरदार पटेल के जीवन एवं अखण्ड भारत हेतु उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं ने सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं देश की एकता एवं अखण्डता बनाये रखने का संकल्प लिया।

### चोरी गए आभूषण में से 65 हजार के बरामद

# आभूषण दुकान से हुई चोरी की एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

8 अगस्त को एक आभूषण दुकान पर सोने की लोंग देखने पहुंची महिलाओं द्वारा मौका पाकर आभूषण की एक डिब्बी चोरी कर ली गई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इस घटना में शामिल एक महिला आरोपी को पुलिस राजस्थान से गिरफ्तार करने में सफल हुई है। जिसके पास से 65 हजार रुपये मूल्य के नाक कान के आभूषण भी बरामद किए हैं। पुलिस एक अन्य आरोपी एवं चोरी गए अन्य माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में थाना नलखेड़ा पुलिस टीम ने दो माह पूर्व श्रीनाथ ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक महिला आरोपी गुड्डी बाई पति स्व रामस्वरूप बागड़ी निवासी ग्राम डुंगरजा थाना डिगोद जिला कोटा (ग्रामीण) राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 65 हजार रुपये मूल्य के सोने के नाक-कान के आभूषण बरामद किए गए हैं, वहीं एक अन्य फरार महिला साथी की सोनिया पति घनश्याम मोंगिया निवासी कल्याणपुर थाना सीमलिया जिला कोटा (ग्रामीण) राजस्थान के रूप में पहचान की गई है। जिसे गिरफ्तार करने व चोरी गए अन्य माल की बरामदगी के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी नागेश यादव उपनिरीक्षक दीपक विश्वकर्मा सहायक उपनिरीक्षक आशा लकवाल महिला आर आस्था सिंह आर संजय दांगी आर रामप्रसाद दांगी तथा आर संजय दांगी की भूमिका रही।

### जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 3 नवंबर को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 3 नवंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2025-26 में जलाशयों में उपलब्ध जल भंडारण क्षमता पर चर्चा की जाएगी तथा वर्ष 2024-25 में हुई वास्तविक सिंचाई उपलब्धि, वर्ष 2025-26 के रबी फसल के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा।

### स्ट्रोक की रोकथाम, शीघ्र पहचान और तंत्रिका पुनर्वास पर जागरुक किया

**सीहोर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में विश्व स्ट्रोक दिवस 2025 पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य स्ट्रोक की रोकथाम, समय पर पहचान और तंत्रिका-पुनर्वास को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में भोपाल के शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अनंत सिंह गौर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के बाद समय पर इलाज और नियमित फिजियोथेरेपी से मरीज की जीवन-गुणवत्ता में सुधार होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला ने की। उन्होंने बताया कि संस्थान तंत्रिका पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। कार्यक्रम में संकाय, छात्र और कर्मचारियों सहित करीब 120 प्रतिभागी शामिल हुए। संचालन कार्यक्रम समन्वयक अनामिका शर्मा ने किया। जागरूकता प्रभारी डॉ. नित्यानंद ने मार्गदर्शन दिया। समापन सत्र में संवादात्मक प्रश्नोत्तर हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम ने समाज में स्वस्थ और पुनर्वास-उन्मुख जीवनशैली को बढ़ावा देने के संस्थान के संकल्प को मजबूत किया।



### बल्डावदा हनुमान मंदिर पर हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**नलखेड़ा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर से 2 किमी दूर स्थित पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर गुरुवार को सायं 6.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। इसके पूर्व हनुमान जी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। अन्नकूट महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई।

# मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों ने एकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

एकता दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पालखेड़ी के बच्चों द्वारा भारत की आकृति वाली मानव श्रृंखला बनाकर सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्र एकता पर ड्राइंग, भाषण, वाद विवाद,रंगोली, मेहंदी, खेल कूद एवं रन फॉर यूनिटी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रतिभागियों को प्राचार्य केसी मालवीय ने सम्मानित किया। प्राचार्य ने बच्चों को एकता का संदेश देते हुए अनेकता में एकता की भारत की पहचान बताया। हमारा भारत पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है। लौह पुरुष सरदार पटेल का एकीकरण यह प्रकट करता है कि भारत में जाति, रंग, रूप, वेशभूषा विभिन्न होने के बावजूद भी यह अखंड है। जिस प्रकार अनेक वाद्य यंत्र मिलकर संगीत की एक लय, एक गति एक लक्ष्य और एक भाव बना देते हैं और मनमोहक संगीत का जन्म होता है। इस अवसर पर शिक्षक स्टाफ ऋतु वर्मा, लक्ष्मी सोनगरा, मंजुलता शर्मा, अमीषा पटेल, ज्योति शर्मा, बिंदिया शर्मा, पूनम सोनी, अमित बॉस, रामलाल मांगरोलिया, देवेंद्र सिंह खींची, नसीम बी, गोवर्धन सिंह बगड़ावत, निलेश सिंह परिहार, वीरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



### ग्राम पंचायत हिरणखेड़ी में सरदार पटेल की जयंती मनाई



**नलखेड़ा।** जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत हिरणखेड़ी में भारत रत्न, लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ ली



**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शुक्रवार को आगर मालवा जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले में जगह-जगह नागरिकों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। संयुक्त कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजत किया गया। कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रेम नारायण परमार सहित कार्यालय के सभी शासकीय सेवक उपस्थित रहे।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# संसार के प्रति नहीं आत्मा के प्रति रुचि बढ़ाओ : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संसारी प्राणी नित्य देह का पोषण करता है, फिर भी यह कष्ट ही कष्ट उत्पन्न करती है। जो भी देह के संपर्क में आता है तो वह पदार्थ भी अपावन हो जाता है। शरीर का आनंद मत लो सिद्ध अवस्था का आनंद लो। संसार में रुचि न बढ़ाकर आत्मा में रुचि बढ़ाना चाहिए।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि यह देह का स्वभाव सड़न-गलन होता है। समय के साथ इसमें आधि - व्याधि बीमारी आ जाती है। आचार्य भगवन कहते हैं कि इस शरीर में खून, अस्थि, मूत्र, मवाद आदि से भरी हुई है। तथा दुर्गंध मय है। हम इसको कितना भी अच्छा खिलायें तब भी इसका स्वभाव बदलता नहीं है। मुनिश्री ने बताया कि पवित्र शरीर से आत्मा भिन्न है। आत्मा कर्मों से रहित है। आत्मा अत्यंत शुद्ध है। ऐसी भावना सदैव सदैव करते रहना चाहिए। शरीर की बजाय हमें शुद्ध आत्मा का चिंतन करना चाहिए। देह से दृष्टि हटाकर आत्मा की ओर दृष्टि जाना चाहिए। फिर बार-बार जन्म मरण नहीं करना पड़ेगा। ऐसे अपवित्र अवस्थाओं में हमें नहीं रहना पड़ेगा। मुनिश्री ने कहाकि मनुष्य के शिशु की गर्भावस्था सामान्यतः 9 माह होती है। पुण्यशाली जीव 7 माह तक ही गर्भस्थ अवस्था में रहते हैं। जैसे आचार्य विशुद्ध सागर जी। गुरु आज्ञा में रहने का जीवन में बहुत प्रभाव पड़ता है। गुरु के प्रति जो सदैव समर्पित रहता है उसका जीवन में अवश्य उद्धार होता है। इसीलिए आचार्य विशुद्ध सागरजी ने पट्टाचार्य का पद प्राप्त किया। जब से आचार्य विशुद्ध सागरजी को यह पद प्राप्त हुआ तब से इस दायित्व का पूर्णतः अच्छी प्रकार से निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रत्नत्रय को धारण करके हमें सिद्धा रूप को प्राप्त करना है। सिद्ध भगवान कभी वृद्ध नहीं होते हैं। बेटी घर आती है तो आनंद आता है जाती है तो दुःखी हो जाते हैं।




मुनिश्री ने बताया कि बिल्ली का डेढ़ माह, घोड़े का 11 माह हाथी का 18 माह तक बच्चा गर्भस्थ अवस्था में रहता है। समुच्छन जीव को योग्य जलवायु मिलने पर जन्म ले लेते हैं बारिश के समय लाइट को देखकर बहुत सारे समुच्छन जीव पैदा हो जाते हैं। समुच्छन जीव को माता-पिता की आवश्यकता नहीं होती है। यह जन्म लेकर तुरंत मृत्यु को प्राप्त कर लेते हैं। उन्होंने कहाकि समुच्छन मनुष्य अंगुली के बराबर होता है मनुष्य और तिर्यंचों का शरीर औदारिक शरीर होता है। देवों का शरीर वैक्रियक शरीर होता है नारकीय जीव छठवें नरक तक निविक्रिया शरीर बनाकर अन्य जीव को मारते रहते हैं। अपने शरीर में ही विक्रिया होती है। सातवें नरक में इस प्रकार की क्रिया नहीं होती है। देवों में पृथक और अपृथक क्रिया से शरीर बनाते हैं।

मुनिश्री ने बताया कि समोशरण की रचना के समय पृथक क्रिया के द्वारा इंद्र कार्य करते हैं। मनुष्य में पृथक और अपृथक क्रिया दोनों होती है। मयूर जब पंख फैलाता है तो पृथक क्रिया होती है। चक्रवर्ती 96 हजार रानियों के पास विक्रिया रूप बनाकर जाते हैं। तिर्यच और मनुष्य में मुख्य रूप से औदारिक शरीर ही होता है। आहारक शरीर छठवें गुण स्थान वाले मुनिराज के होते हैं। आहारक शरीर विशुद्ध होता है। प्रयत अप्रयत आहारक शरीर सातवें गुण स्थान वाले मुनिराज को होता है। आहारक रिद्धि शरीर पुलिंग में ही होगा। असंयम की बहुलता होने पर साधु आहारक शरीर की रचना करते हैं। केवली भगवान के पाद मूल में जाकर आहारक शरीर पुनः वापस आ जाता है। विदेह क्षेत्र में केवल ज्ञान कल्याण में जाने के लिए दर्शन हेतु आहारक शरीर की रचना करते हैं। आहारक शरीर धारी मुनि की अकृतिम चैत्यालय के दर्शन से उनकी भावना पूर्ण हो जाती है।

उन्होंने बताया कि तेजस शरीर भी होता है तेजस शरीर दो प्रकार के होते हैं। तेजस लब्धि संपन्न भी मुनि होते हैं। अतिवृष्टि और अकाल के समय मुनिराज के हाथ से तेजस पुतला निकलता है। जिससे 12 योजन पर अकाल समाप्त हो जाता है। इस प्रकार शुभ और अशुभ तेजस दोनों प्रकार का शरीर होता है। पुतला मूल शरीर से ही होता है। महामारी, व्याधि, वेदना, दुर्भिक्ष, उपसर्ग से दुःखी जीवों को तेजस रिद्धि मुनिराज सभी को सुखी कर देते हैं। उन्होंने बताया कि कार्मणा शरीर भी होता है। कर्म के कारण कार्मणा शरीर होता है।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता लाने कार्यशाला की आयोजित



**चापड़ा।** बाल विवाह जागरूकता के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी अहमद सिद्दीकी महिला एवं बाल विकास विभाग देवास के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग बागली आदिवासी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागली के मार्गदर्शन में परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्यामा तोमर एवं राम प्रवेश तिवारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बागली आदिवासी के द्वारा देवउठनी ग्यारस में होने वाले विवाह कार्यक्रम में बाल विवाह को रोकने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा कर प्रकाश डाला गया एवं बाल विवाह रोकने के संबंध में शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में उपस्थित सरपंच गण ग्रामीण महिला, पुरुष तथा अन्य सेवा प्रदाता पर्यवेक्षक उपस्थित रहीं।

### कुर्मी समाज कल्याण समिति ने मनाई जयंती



**देवास।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति देवास के तत्वावधान में धूमधाम से जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद पटेल के नेतृत्व में मनाई गई। अलकापुरी में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाज के वरिष्ठ डॉ. आर.के.डी. वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष सुखलाल पटेल, वाल्मिक पटेल, तेजभान सिंह पटेल सुनील कुमार पटेल, लाल बिहारी पटेल, परमानंद पटेल, मनोज पटेल, सांतन सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही पटेल के विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। संचालन एलपी पटेल, आभार रविन्द्र पटेल ने माना।

### नवीन कार्य प्रणाली के तहत प्रतिदिन दो पाली सुबह और दोपहर में की जाएगी सफाई

# आयुक्त के निर्देशः नई कार्यप्रणाली माइक्रो प्लान आधारित होगी शहर की सफाई

### वाहनों पर चलने वाले हेल्पर नागरिकों को वाहनों मे कचरा डालने मे करेंगे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर की वर्तमान सफाई कार्य व्यवस्था मे कसावट लाकर शहर को साफ सुन्दर बनाने को दृष्टिगत रखते हुए। आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा वर्तमान सफाई व्यवस्था के कार्यों की नवीन प्रणाली के तहत करने हेतु सफाई का नवीन माईक्रो प्लान तैयार किया गया है। इसे लागु कर क्रियान्वित करने के पूर्व उनके द्वारा शुक्रवार 31 अक्टुबर को नगर निगम के समस्त वार्डो के सफाई दरोगाओं के साथ अन्य कार्य व्यवस्थाओं के दरोगा, स्वच्छता निरीक्षकों की एक बैठक निगम बैठक हाल मे लेकर आवश्यक मार्ग दर्शन व दिशा निर्देश जारी किए गए है।

अब सफाई व्यवस्था प्रतिदिन दोनों समय प्रातः 7.30 बजे एवं दोपहर पाली मे की जाएगी। जिसमे वार्डो मे तैनात सफाई मित्रों को वार्ड की भौगोलिक स्थिती मे एक निर्धारित मार्ग, सडकों पर क्षेत्रफल के मान से सफाई कार्य व्यवस्था करने की जिम्मेदारी तय की गई है। सफाई मित्रों को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के पश्चात निर्धारित क्षेत्र मे समयानुसार कार्य करना होगा। इस पर वार्ड दरोगाओं एवं क्षेत्रिय स्वच्छता निरीक्षकों को प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश बैठक मे जारी किए गए। उक्त व्यवस्था सोमवार से लागु होगी। आयुक्त के द्वारा बैठक मे शासन द्वारा निर्धारित ई—अटेन्डेंस की समीक्षा की गई जिसमे वार्ड दरोाओं ने अवगत कराया कि समस्त सफाई मित्रों का ई— अटेन्डेंस मे पंजीयन कराया जा चुका है। आयुक्त ने बैठक मे कहा कि ऐसे कर्मचारी का पंजीयन किसी भी स्थिति मे नही रूकना चाहिए जो कार्य पर उपस्थित होकर काम करता है। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि निगम कचरा वाहनों के उज्जैन रोड स्थित डिपो सहित ट्रेंचिंग मैदान व वार्डो मे ई—अटेन्डेंस की लोकेशन स्थापित हो चुकी है। इस आधर पर शत प्रतिशत उपस्थिति पंजीयन होना अनिवार्य है। इसी के आधार पर माह नवम्बर का वेतन आहरित होगा।बैठक मे आयुक्त ने दरोगाओं को निर्देश दिए कि उपस्थिति पंजीयन के पश्चात कर्मचारी बिना कार्य करे अपनी ड्युटी से नही जाना चाहिए।

जो कर्मचारी अपने कार्य से लम्बे समय से कार्य पर नहीं आ रहे हैं उन्हें सेवा से प्रथक की कार्यवाही की जाएगी तथा उन्हें पुनः नौकरी पर नहीं लिया जाएगा। बैठक मे प्रातः व दोपहर की सफाई कार्य की रेन्डमली जांच भी की जाएगी।बैठक मे आयुक्त ने कहा कि घरों घर कचरा संग्रहण गाड़ियां जीपीएस सिस्टम से जुडी हुई है। वार्ड दरोगा अपने स्वच्छता निरीक्षक वार्डो मे कचरा वाहनों मे नागरिकों द्वारा डाले जाने वाले गीले,सुखे कचरे पर नियंत्रण रखेगें। वार्ड के क्षेत्रफल के मान से 1, 2 ट्रिप लागान अनिवार्य होगा ताकि पूरे वार्ड से कचरा लिया जा सके। वाहनों पर चलने वाले हेल्पर नागरिकों को वाहनों मे कचरा डालने मे मदद करेगें। दरोगा अपने वार्ड के नागरिकों को गीले, सुखे कचरे के 2—2 डस्टबीन रखने हेतु समझाईश देकर प्रेरित भी करेगें।मध्य शहर के जिन वार्डो में सकरी व तंग गलियों मे गाड़ियां नही जा पाती हैं वहां एक मुख्य स्थान का चयन करें। कचरा गाडी एक निर्धारित समय पर खडी की जाए ताकि लोगों द्वारा गलियों,नालियों मे कचरा नहीं डाला जा सके व गंदगी से बचा जा सके। आयुक्त के द्वारा बैठक मे शहर मे रिक्त प्लाटों के आसपास के नागरिक कचरा नहीं डाले इस हेतु प्लाट मालिकों को चिन्हींत कर उन्हें प्लाटों की फैंसिंग दिवारें बनाने हेतु नोटिस जारी करें। खुले प्लाट मालिकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी करें। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के सामने आसपास के क्षेत्रों मे कचरा डालते हैं तो उनकी विडियो शुटिंग मोबाईल से कर अगले दिन पहचान कर चालान बना सकते हैं।

# दहेज मृत्यु के अपराधी पति को पेशेवर विवेचना में दो साल दो माह में दिलवाया आजीवन कारावास

### ऑपरेशन संकल्प के तहत मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में "ऑपरेशन संकल्प" की शुरुआत की गई हैं, जिसके अंतर्गत पुलिस विवेचना को अधिक से अधिक पेशेवर एंव वैज्ञानिक बनाकर समयावधि में अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश करने पर जोर दिया जा रहा हैं । साथ ही न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान जारी समस्त आदेशिकाओं समंन एंव वारंट की प्राथमिकता से तामिली करवाई जा रही हैं ताकि गंभीर प्रकरणों में जल्द से जल्द न्यायालयीन निर्णय प्राप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाया जा सके। इसी कड़ी में "ऑपरेशन संकल्प" के तहत 15 अगस्त 2023 को थाना भौरांसा पर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी आकाश पिता इंदर सिंह जाति लोधी उम्र 29 साल निवासी संजय नगर भौरांसा ने अपनी पत्नि से बार-बार दहेज की अवैधानिक मांग की और उक्त मांक की पूर्ति न होने पर उसे शारीरिक अथवा मानसिक रुप से प्रताड़ित किया,इस कारण आकाश की पत्नि ने कुएं मे कुदकर जान दे दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना भौरांसा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना एसडीओपी.एन.गोयल के द्वारा की जाकर 15 अगस्त 23 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया । प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर चालान क्रमांक 345/2023 को 15 अक्टूबर 23 तैयार किया गया। 29 नवंबर 23 को प्रकरण का चालान न्यायालय में पेश किया गया । प्रकरण के विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई । प्रकरण की पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजक गजराज सिंह कुशवाहा द्वारा अभियोजन की सटीक पैरवी एवं उक्त प्रकरण में विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राकेश जमरा न्यायालय देवास ने आरोपी आकाश पिता इंदर सिंह जाति लोधी उम्र 29 साल निवासी संजय नगर भौरांसा ने अपनी पत्नि से बार-बार दहेज की अवैधानिक मांग की और उक्त मांक की पूर्ति न होने पर उसे शारीरिक अथवा मानसिक रुप से प्रताड़ित कर क्रुरता कारित करने पर आजीवन सश्रम कारावास एवं 2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । प्रकरण मे कोर्ट मोहर्रिर के रुप में आर जसवंत पवार,कोर्ट मुंशी के रुप में प्रआर प्रदीप सेंधव एवं वारंट मुंशी के रुप में सैनिक1014 राहुल चौधरी द्वारा कार्य किया गया।

### कल निकलेगा संगम बाल पथ संचलन, सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पर होगा संगम

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पर प्रत्येक नगर एवं मंडल में संचलन निकले जा रहे हैं। नगरीय केंद्रों पर बाल पथ संचलन भी निकल जा रहे हैं। देवास में प्रतिवर्ष निकलने वाला बाल पथ संचलन इस वर्ष 2 नवंबर रविवार शाम को निकाला जाएगा। जिसमें आठ वर्ष से अधिक आयु के हजारों विद्यार्थी स्वंयसेवक सम्मिलित होंगे। शताब्दी वर्ष पर यह संचलन विशेष होने जा रहा है, यह बाल पथ संचलन इस वर्ष संगम संचलन के रूप में निकल जाएगा। दो स्थानों से संचलन प्रारंभ होकर सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पर संगम होगा।वएक संचलन उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से प्रारंभ होगा जिसमें छत्रपति शिवाजी एवं महाराणा प्रताप उपनगर के बाल स्वयंसेवक सम्मलित होंगे, यह संचलन इंदिरा गांधी प्रतिमा से होता हुआ सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पहुंचेगा। दूसरा संचलन लाल के राजा प्रांगण से प्रारंभ होगा जिसमें महाराजा छत्रसाम एवं गुरुगोबिं सिंह उपनगर के स्वयंसेवक सम्मलित होंगे यह संचलन महात्मा गांधी अस्पताल के सामने से कोठारी नर्सिंग होम चौराहा होते सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पहुंचेगा, जहां दोनों संचलनो का संगम होगा। संगम के उपरांत दोनों संचलन साथ मे चलते हुए, तहसील चौराहा से महात्मा गांधी मार्ग होते हुए, नावेल्टी चौराहा, छोगालाल मिष्ठान चौराहा से जयप्रकाश मार्ग (पीठ रोड) से ए.बी. रोड पर पहुचकर डॉ अंबेडकर प्रतिमा, इंदिरा प्रतिमा होते हुए दोनों संचलन का समापन उत्कृष्ट विद्यालय पर होगा।

# कांग्रेस ने इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 31अक्टूबर को देश की दो महान विभूतियों — पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मानपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों नेताओं के योगदान को नमन करते हुए देश की एकता, अखंडता और समर्पण के उनके संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, प्रदीप चौधरी, राजेंद्र मालवीय, भगवान सिंह चावड़ा, ज्ञान सिंह दरबार, गुरुचरण सलूजा, पोप सिंह परिहार, विश्वजीत सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि जहां इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा करते हुए अपनी शहादत दी, वहीं सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी। दोनों ही नेताओं का त्याग, समर्पण और दूरदृष्टि भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम द्वारा इंदिरा गांधी की प्रतिमा और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन रखकर उनकी पुण्यस्मृति को नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया, जबकि आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल गोस्वामी ने माना। इस अवसर पर कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी'' (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरदार वल्लभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करके राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई व एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना गया किया। रन फॉर यूनिटी सयाजी द्वार से प्रांरभ हुई तथा शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए कर जवाहर चौक पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर एसआर सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एच.एन बाथम, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डी.एस.पी संजय शर्मा, मनीष जैन जिला पुलिस बल, शहर के समस्त थानों का बल, शासकीय कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थीगण खिलाड़ीगण, एन.सी.सी/एन.एस.एस विद्यार्थी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शहर वासियों ने सहभागिता की।लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कार्यालयों में एकता की शपथ दिलाई गई।

# पर्यटकों से अपील बरझाई के लिए, न बनो हरजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बरझाई घाट प्रकृति का अनुपम उपहार है और हम सभी को सामूहिक प्रयासों से इसके प्राकृतिक वैभव की रक्षा करना चाहिए। उक्त भाव अभिव्यक्ति समाज प्रगति सहयोग संस्था के द्वारा संचालित बागली व पुंजापुरा प्रगति समिति के सहयोग से बरझाई घाट पर प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के लिए जनजागरण हेतु बरझाई, सालखेतिया, पांजरीया तथा सौब्ल्यापुरा के बाल कलाकारों द्वारा आर्टिस्ट सुप्रतीभ के साथ मिलकर बनाये गये संदेश दायक चित्र युक्त बोर्ड के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने एक स्वर में व्यक्त किए।संस्था के पितृ पुरूष व संस्थापक सदस्य डॉ देवाशीष बनर्जी ₹बाबा₹ व ₹मां₹ की विशेष उपस्थिति व सानिध्य में बरझाई घाट पर ही आयोजित इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण कुमार चौधरी,पार्षद मोहन मानधन्या,बी एस डब्लू के राजेश गोयल बतौर प्रोत्साहन कर्ता अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चौधरी ने सैलानियो से मांग की है कि ₹बरझाई के लिए तुम न बनों हरजाई₹।संस्था की संस्थापक वरिष्ठ सदस्य निवेदिता दीदी ने वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की बात कही। जन-जागरण हेतु बोर्ड लोकार्पण और रील प्रदर्शन के बाद बी एस डब्लू के राजेश गोयल द्वारा द्वारा बाल कलाकारों का सम्मान किया गया तथा सभी से सहयोग की अपील की गई।इस समारोह का संचालन वारिस अली ने तथा आभार प्रदर्शन संस्था की ओर से धर्मेंद्र राजावत ने व्यक्त किया।

### विधायक आशीष शर्मा की माता का निधन, नेमावर में नर्मदा तट पर हुआ अंतिम संस्कार

# मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अंतिम यात्रा में हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के खातेगांव-कन्नौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला देवी शर्मा का गुरुवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया था।

गुरुवार सुबह निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक फैल गया। देर शाम उनका पार्थिव शरीर गृह नगर कन्नौद लाया गया, जहां लोगों ने नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और हितानंद शर्मा सहित अनेक मंत्रियों, विधायकों तथा वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया पर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला गोविन्द शर्मा की अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अध्यक्ष खंडेलवाल ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम दर्शन किए और परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

अंतिम यात्रा में विधायक विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, राजीव खंडेलवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। अंतिम यात्रा निवास स्थान से नेमावर पहुंची, नर्मदा तट पर शर्मा की माता का अन्तिम संस्कार हुआ।पूर्व विधायक गोविंद शर्मा की पत्नी और वर्तमान विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला देवी शर्मा न केवल राजनीतिक परिवार की मुखिया थीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहीं। नगर के धार्मिक आयोजनों में उनकी नियमित उपस्थिति रहती थी और उन्होंने अनेक साधु-संतों की सेवा की।

# सेनथॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेनथॉम एकेडमी, भोपाल रोड के विद्यार्थियों ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिस पर विद्यालय को गर्व है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक रिकॉर्ड ब्रेकिंग स्केटिंग कार्यक्रम में भाग लिया, जिसे यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, जीनियस इंडियन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, और यू.एन. बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई है।यह आयोजन 26 अक्टूबर 2025 को एक्सीलेंस स्कूल कैम्पस, देवास में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस दौरान सेनथॉमएकेडमी के 24 प्रतिभागियों ने अपनी लगन और कौशल का परिचय देते हुए 79 मिनट तक लगातार स्केटिंग कर एक अद्भुत रिकॉर्ड बनाया।प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए पदक और तीन विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। उनका यह अद्वितीय प्रयास दृढ़ संकल्प और टीम भावना का प्रेरणादायक उदाहरण है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य और स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी (विरा) की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी महोदय (विरा) नें पीएम विश्वकर्मा योजना में ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के लिये डीपीआरओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। अपर जिलाधिकारी (विरा) द्वारा नये विकसित मिनी औद्योगिक आस्थान बीधाखेत के बाउडीवाल निर्माण की समस्या के निदान किये जाने हेतु उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तथा यूपीएसआईसी के अवर अभियन्ता को निदेशित किया की स्थल का निरीक्षण करते हुए कब्जा दिलाया जाये कब्जा उपरान्त एक माह के अन्दर बाउडीबाउल एवं अन्य कार्य पूर्ण किये जाये। पीएमईजीपी योजना की भौतिक सत्यापन की समीक्षा करते हुए जनपद के बैंक शाखा प्रबन्धको को निदेशित किया गया। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत, को निर्देशित किया गया की वह औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में विद्युत की समस्या के निदान हेतु डाली गयी विद्युत लाईन के जम्फरों मेंटर एवं अन्य उपकरणों की इकाई वार स्थलीय निरीक्षण करते हुए 15 दिवस के अन्दर समस्या का समाधान करायें। औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में नालियों की साफ-सफाई कियें जाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया की वह 25 व्यक्तियों की टीम बनाकर सफाई अभियान दो दिवस के अन्दर चलायें तथा पार्क के सौन्दयीकरण हेतु स्टीमेट को बोर्ड की बैठक में पारित करायें। अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया की मिनी औद्योगिक आस्थान, तालबेहट में विद्युत व्यवस्था करने हेतु स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्टीमेट तैयार करते हुए उक्त धनराशि की मांग कार्यरत इकाईयों से की जायें। सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ललितपुर को निर्देशित किया गया कि श्री कमलेश सर्राफ के प्रकरण पर एक सप्ताह में एनओसी पूर्ण की जायें। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को गहनता पूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिये गयें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अधिकारी जल संस्थान, सहायक डाक अधीक्षक डाक विभाग, प्रभारी अग्निशमन, राज्य कर अधिकारी, सहायक अभियन्ता उप्र लघु उद्योग निगम, सहायक अभियन्ता लोनिवि एवं कमलेश सर्राफ, राजवीर सिंह, सेवाराम चौधरी, शरजनीश चड्ढा एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

### श्रीरामजन्म भूमि आंदोलन के बलिदानी को श्रद्धांजलि दी

**ललितपुर।** गोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में एक बैठक महेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता व शीलचंद्र सिंघई के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में 31 अक्टूबर 1990 अयोध्या कार्यसेवकों पर गोली चलाए जाने से बलिदान निर्दोष कार्य सेवक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में फूलचंद्र विश्वकर्मा, आदर्श जैन, अविन्द संज्ञा, नरेश विदुआ, नरेन्द्र पाठक, अशीष तिवारी, पंकज रैकवार, रज्जन चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, अनिल गिरी, रजनीश गिरि, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश जैन, प्रभु, कोमल, पूरन, रतन, प्रकाश कमता, प्रताप कुशवाहा, अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम जगदीश, कक्कू, कुन्दन सेन, रोहित यादव, रामेश्वर साहू, बल्ली चौबे, कल्लन चौबे, प्रताप सोनी, विपिन सराफ, वकील आनंद रानू, सौरभ साहू, शैलेश राठौर, मनीष रजक, अतुल खरे, प्रदीप गिरि, शंकर कुशवाहा, भोडले, शांत सागर, छोटे साहू, गोविन्द श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### गांजा बेचने वाले दोषी को 2 साल की सजा

विदिशा। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) मनोज कुमार शर्मा ने अवैध रूप से गांजा बेचने के मामले में आरोपी शुभम किरार (22), निवासी अहमदपुर रोड विदिशा को दोषी पाते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### वे सर्वस्पर्शी नेता थे जो किसान, मजदूर सहित हर वर्ग की लड़ाई लड़ते थे

# भाजपा ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। यह दौड़ तुवन मंदिर मैदान से कम्पनी बाग,पुराने बस स्टैंड, तहसील तिराहा होकर, घंटाघर के पास सरदार पटेल की प्रतिमा के पास पहुंची जहां सरदार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अमर रहे के नारे लगाए गए तत्पश्चात एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लौह पुरुष की ही चमत्कारी प्रेरणा और ताकत का परिणाम था जो देश को पांच सौ तिरेसठ रियासतों का विलीनीकरण कर एक भारत गणतंत्र के रुप में हमारे सामने आया। उन्होंने कहा कि वे सर्वस्पर्शी नेता थे जो किसान, मजदूर सहित हर वर्ग की लड़ाई लड़ते थे। उन्होंने कहा कि बारडोली का किसान आंदोलन उनके अप्रतिम साहस को दर्शाता है जिसके समक्ष अंग्रेजी सरकार को भी झुकने पर मजबूर होना पड़ा था। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि जब जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों ने विलीनीकरण में आनाकानी की तो उन्होंने अपना रोद्र रुप दिखलाया जिससे भयभीत होकर जूनागढ़ ने आत्मसमर्पण कर दिया और हैदराबाद में सेना भेज कर निजाम को घुटनों पर लाने का काम किया गया।

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जब कबायलियों ने आतंक फैलाना शुरू किया तो सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सेना भेज कर कबायलियों को खदेड़ने का काम किया। रन फॉर यूनिटी के दौरान जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, एम एल सी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, रमेश खटीक गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी, हरीराम सिंह लोधी एड, मुन्ना लाल रजक,जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाठक, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, गौरव चौधरी,निखिल रामकुमार तिवारी , रमेश कुशवाहा नझाई,ध्रुव सिंह सिसौदिया,नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नगर महामंत्री मनोज खटीक एड,क्षेत्रीय पदाधिकारी गण घासी राम सहरिया,गौरव गौतम,डा दीपक चौबे,अजय पटैरिया, हरिओम निरंजन, मोहनलाल रैकवार, अवतार सिंह लोधी, संदीप सिंह बुंदेला, राजेश लिटौरिया, कमलापति रिछारिया,अशोक रावत,अजय साईकिल,मोर्चा अध्यक्ष गण लक्ष्मी रावत,नीतेश संज्ञा, सुरेन्द्र प्रताप रजक, वृजमोहन संज्ञा,दीपक पाराशर, रुपेश साहू,सोनू चौबे,मनोज कुशवाहा, वन्दना तिवारी, आशा कौशिक,ऋतु समाधियां,अनूराग शैलू,उमाशंकर चौबे,के पी सिंह बुंदेला,रोहित रावत, पार्थ चौबे,आशीष हुड्डैत आदि मौजूद रहे।

### मानेंट शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज में कार्यक्रम संपन्न




*विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर जानकारी देते हुए बताएं भारत के स्वतंत्र करने में पटेल साहब ने कई छोटे-छोटे राज्यों को एकत्रित कर स्वराज भारत का निर्माण कराने में महत्वपूर्ण योगदान किया अखंड भारत आज उन्हीं की देन है। आकांक्षा राजा ने कहा की वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में 150 वो जयंती पर आज संपूर्ण भारत एक सूत्र में है जिसमें पटेल साहब का महत्वपूर्ण योगदान है आज पटेल साहब की दिन है कि हम स्वतंत्र भारत में सुकून और शांति से जीवन व्यतीत कर रहे हैं इस मौके पर राहुल पटेरिया प्रभु दयाल कुशवाहा आकांक्षा राजा अंजलि राजा दीक्षा रजक संजय राजा के अलावा समस्त विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।*

### केपीएसपीजी कॉलेज में कार्यक्रम

## सरदार पटेल की जयंती पर संगोष्ठी व रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल 150 वीं जयंती के अवसर पर लौह संकल्प-अखण्ड एकता पर्व के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, एलएन सिटी भोपाल से आए प्रो मनमोहन चौरसिया, प्रो अमित, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरदार पटेल को लौह पुरुष इसलिये कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने दृढ संकल्प और मजबूत नेतृत्व से आजादी के बाद 500 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में सफलता पूर्वक एकीकृत किया। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल के अटूट प्रयासों और राजनैतिक इच्छा शक्ति के कारण ही भारत एक एकीकृत राष्ट्र बन सका। प्रो मनमोहन चौरसिया एवं प्रो अमित ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुये, छात्रों को कैरियर सम्बन्धी जानकारी दी एवं भावी जीवन के लिये प्रेरित किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में भारत के विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्रवक्ता पंकज पटैरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ० धनीराम राजपूत, रानी पुरोहित, छाया तिवारी, अनीता साहू नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव, मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### जिला कांग्रेस ने कार्यालय में किया आयोजन

## कांग्रेस ने मनाई इंदिरा की पुण्यतिथि व पटेल की जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय मे भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी पुण्यतिथि शक्ति दिवस , लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई सबसे पहले सभी कार्यकर्ताओ ने इंदिरा गाँधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर श्रृद्धांजलि दीं गई बैठक की जिला अध्यक्ष दयाराम रजक ने अध्यक्षता की! श्री रजक ने कहा जिस समय देश मै संसाधन की कमी थी तब स्व इंदिरा देश को आर्थिक संकट से निकाल कर हरित क्रांति लाकर देश आर्थिक उन्नति लाकर देश किसान, मजदूर, बेरोजगारों, को आर्थिक सम्पन्नता लाकर देश का विकास किया उन्होंने कहा की जहाँ एक और आज मौजूदा सरकर पाकिस्तान से युद्ध मै डर कर के सीज फायर करके अधिकृत कश्मीर गवा दिया वही पर उस समय की तत्कालीन प्रधानमंत्री मंत्री स्व इंदिरा गाँधी ने 1972 के युद्ध के समय देश में संसाधन की कमी के वाबजूद पाकिस्तान के दो टुकड़े करके इतिहास ही नहीं विश्व का भूगोल बदल कर बांग्लादेश बना दिया नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि जिस समय देश को आजादी मिली तब तभी राजबाड़े देश में मिल गए थे लेकिन पांच छै राजबाड़े देश मिला कर देश को एकता और अखंडता की मिशाल पेश की थी! बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुँडेत ने किया बैठक मै अनुशासन समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी,पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह बंटी, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित,,जिला महिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश रजक रफीक अली, गजेंद्र सिंह बुंदेला, दरयाब सिंह, कुलदीप पाठक,असलम खा,उदल सिंह चंदेल, सीताराम राय,मकरंद किलेदार, दीपक रायकवार आदि उपस्थित थे।

### सपाइयों ने मनाई पटेल व आचार्य नरेंद्र देव की जयंती

## राष्ट्र निर्माण में पटेल का अहम योगदान :सिंह



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव जी की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सपाइयों ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो कार्य किए, वे सदा याद किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। वहीं आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी विचारधारा के प्रणेता थे, जिन्होंने सामाजिक न्याय और समानता की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि आज के समय में देश को इन दोनों महापुरुषों के विचारों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सच्चे अर्थों में समाजवादी भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने दोनों महान नेताओं के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, अनवर खान, जिला सचिव हुकुम सिंह यादव, हरी सिंह यादव जिजयावन, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, बार ब्लाक अध्यक्ष सोन सिंह यादव डुलावन, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, जिला महासचिव मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड चारू सतभैया, जिला सचिव युवजन सभा अमन मंसूरी, बिरधा ब्लाक महासचिव मूरत सिंह यादव, जिला सचिव दारा सिंह यादव, बृजेश कुशवाहा, अभिषेक यादव सतौरा, सुनील सिंह घोष, अजय सिंह यादव, संजू सिंह घोष आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कारागार का निरीक्षण

## कारागार देखकर दिए साफ सफाई रखने के लिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कारागार में बोर्ड ऑफ विजिटर एवं प्राधिकरण द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। बोर्ड ऑफ विजिटर में कमेटी सदस्य जिला जज अशोक कुमार सिंह, डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक, सचिव मयंक जायसवाल, सीजेएम रविशंकर गुप्ता, पीडब्ल्युडी अधिशाषी अभियंता विजय चंद्र, डिप्टी सीएमओ डा.अवधेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अजय बरया, मोहिनी जैन ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया।

जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप कर उनसे किसी भी प्रकार की समस्या, जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है। बैरकों में बन्दियों के स्नानघर और शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी का भी निरीक्षण कर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो कारागार में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। बन्दियों से पूछा गया कि कारागार में किसी प्रकार का भेदभाव आपके साथ तो नहीं होता है तो उनके द्वारा बताया गया ऐसा नहीं होता है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सुबह के भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

अस्पताल में आवश्यकता से अधिक बन्दियों को मरीज के रूप में भर्ती पाया गया जिस पर माननीय जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा अधीक्षक जिला कारागार को कड़े शब्दों में जांच करने की चेतावनी दी गयी। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान अधीक्षक शिवमूरत सिंह, कारापाल जीवन सिंह, उप कारापाल प्रिंस बाबू, उप कारापाल शकुंतला देवी, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, न्यायालय से अनवर खां, शुभम चिकारा, रोहित राठौर, विकास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### जय अंबे रक्तदान समिति ने कराया रक्तदान

## घायल बच्चे सहित युवक को किया रक्तदान



**ललितपुर।** सड़क दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल युवक विमल रजक उर्फ़ कल्लू निवासी मोहल्ला बडापुरा का ऑपरेशन किया जाना था डॉक्टर ने परिजनों को ए पॉजिटिव ब्लड की व्यवस्था करने को कहा क्योंकि विमल रजक के साथ अकेले बड़े भाई थे और ब्लड देने मे सक्षम नही थे उन्होंने समिति के सदस्यों से संपर्क कर बताया कि हमारे छोटे भाई जो सड़क दुर्घटना मे घायल हो गए थे उनका अभी अभी ऑपरेशन होना है और ब्लड की आवश्यकता है समिति सदस्यों ने पुष्पेंद्र गौतम वरिष्ठ लिपिक चकबंदी कार्यालय को सूचना दी उन्होंने सदस्यों के साथ मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर विमल रजक को नौवीं बार रक्तदान किया इसके पश्चात विमल रजक का सफल ऑपरेशन हुआ। दूसरी ओर निजी चिकित्सालय मे भर्ती डेढ़ माह के बच्चे आरव सिंह महरौनी को शिवम श्रीवास्तव ने ओ नेगेटिव ब्लड 29 वीं बार रक्तदान किया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने दोनों रक्तदाताओं सहित जय अंबे रक्तदान समिति का साधुवाद आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज सुनील कुमार रजक बल्ले राकेश कुमार चकबंदी कार्यालय आशीष सिंह महरौनी आदि रहे।


## वन विभाग ने भारी मात्रा में अवैध खैर की लकड़ी पकड़ी

**पाली।** विकासखंड बिरधा के ग्राम महोली में बीती रात वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि वन विभाग की गौना रेंज टीम को अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके चलते टीम ने महोली में दबिश दी। छापेमारी के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में अवैध खैर की लकड़ी मिली, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह लकड़ी मध्य प्रदेश के जंगलों से अवैध रूप से कटाई कर लाई गई थी और महोली क्षेत्र में छिपाकर रखी गई थी, ताकि आगे ट्रांसपोर्ट किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, लकड़ी की कीमत लाखों रुपये तक हो सकती है। वन विभाग ने लकड़ी को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी तस्करों में हडक़ंप मच गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने बताया कि अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ अभियान तेज किया गया है और ऐसे गिरोहों पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस इलाके में लंबे समय से खैर की अवैध कटाई और तस्करी का कारोबार चल रहा है, लेकिन हालिया कार्रवाई से ऐसी गतिविधियों पर बड़ी रोक लग सकती है।

### कालिदास जयंती पर किया गया परिचर्चा का आयोजन

# महाकवि कालिदास भारतीय आत्मा हैं: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



महाकवि कालिदास की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि महाकवि कालिदास भारतीय आत्मा , गरिमा और प्रतिभा के प्रतिनिधि, मानव अनुभव की गहराईयों से जन्मी श्रेष्ठतम साहित्यिक कृतियों के सृष्टा थे कालिदास। कालिदास का मानना है कि ब्रह्म भयं गतिंम आजगाम ज्ञानवान मनुष्य, सर्वोच्च - कालरहित जीवन को प्राप्त होता है । अच्छे कामों के फल को ही स्वर्ग कहते हैं। वे स्वीकार करते हैं कि सुसंगत सामाजिक संबंध ही जीवन को जीने योग्य बनाते हैं । कालिदास द्वारा वर्णित रघुवंशी राजा दान करने के लिए ही धन इकट्ठा करते थे। सत्य की रक्षा के लिए ही बहुत कम बोलते थे। वे बचपन में पढ़ते थे, तरुणाई में संसार के आनंद भोगते थे । बुढ़ापे में साधु संतों के समान तपस्या करते थे । जैसे सूर्य अपनी किरणों से जो जल खींचता है , वैसे ही रघुवंशी राजा प्रजा की भलाई में लगा देने के लिए ही राजस्व जमा करते थे । फलतः राज्य का प्रत्येक व्यक्ति सोचता था और साथ ही राजा भी सोचता था कि वे परस्पर मित्र हैं ।

#### कालिदास ने हिमालय से समुद्र तक की यात्राएं

कालिदास ने हिमालय से समुद्र तक की यात्राएं की हैं , उनके मेघदूतम में रामगिरि से लेकर हिमालय तक के मार्ग में पड़ने वाले ललितपुर जनपद के देवगढ़ ( देवगिरि) के पहाड़ों से अठखेलियाँ करती बेतवा नदी का गत्यात्मक सौन्दर्य इतना मनोरम है कि टकटकी लगाकर हम देखते ही रहें। शेक्सपियर के नाटकों की तरह कालिदास के नाटकों में भी राजाओं, महाराजाओं का वर्णन है । लेकिन कालिदास ने उनके गुणदोषों पर समान नजर रखी ।

#### प्रेमियों के प्रथम मिलन को नैतिक पतन नही मानते थे

कालिदास अपने नाटकों में बल देते हैं कि शारीरिक आकर्षण से उत्पन्न हुए प्रेम का शुध्दता और संयम में रूपांतरण होना चाहिए । कालिदास प्रेमियों के प्रथम मिलन को नैतिक पतन नही मानते। वे पापी नही, बल्कि विरह की अग्नि पीड़ा में वे निखरेंगे। जीवन का लक्ष्य आनंद और पवित्रता है , न कि विलासिता और असंयत लालसा। पत्नी, पति की संपत्ति नहीं , बल्कि उससे जुड़कर मुक्कमल इकाई बननी है। ईश्वर भी आधा नर और आधी नारी है। पारिवारिक जीवन जीते हुए मनुष्य स्वभाव से संत महात्मा हो सकता है।

### पचोर पुलिस ने की कार्रवाई, 6 लाख 50 हजार का सामान जब्त किया

# बिना लाइसेंस के अवैध रूप से परिवहन की जा रही दवाइयां और इंजेक्शन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/पचोर

अवैध रुप से बिना लायसेंस के परिवहन की जा रही दवाई एंव इंजेक्शन तथा स्वीफ्ट वाहन क्र. एचआर 72 बी 4066 सहित कुल कीमती 6लाख 50 हजार रुपये का मसरुका जप्त, मेडीकल संचालक को भी बनाया आरोपी मेडीकल लायसेंस की निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। राजगढ़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से परिवहन की जा रही दवाई व इंजेक्शन जप्त कर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण एवं त्वरित कार्यवाही की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। थाना पचोर में पंजीबद्ध प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सुचना पर आरोपीवान को अवैध रुप से बिना लायसेंस के दवाई व इंजेक्शन परीवहन करते हुए पकडा जिससे बिना बिल की दवाई व बिना लेबल के इंजेक्शन एंव चार पहिया वाहन सहित 650,000 रुपए का मशरुका बरामद किया गया।



#### प्रकरण का विवरण

दिनांक 24.10.25 को जरिये मुखबीर सुचना मिली कि कुछ लोग हरियाणा तरफ से स्वीफ्ट वाहन क्र. एचआर 72 बी 4066 में अवैध एंव बिना लेबल की दवाई एंव इंजेक्शन लेकर आ रहे है सुचना की तस्दीक हेतु थाना पचोर की टीम ने हाईवे पर चेकिंग पाईण्ट लगा कर संदिग्ध वाहन को रुकवाकर चैक किया जिसमे एक व्यक्ति व एक महिला बैठे मिले जन्हे उतरवा कर नाम पचा पुछा तो उन्होने अपनी नाम शाहिद खान तथा साजिदा खान निवासी कैथवाडा का होना बताया जिनके वाहन को चैक करने पर वाहन की डिग्गी मे दवाईयां ओर जेल तथा बिना लेबल के इंजेक्शन रखे मिले आरोपीयान से उक्त दवाईयां तथा इंजेक्शन के बारे मे पुछने पर कोई लायसेंस नही होना बताया। उक्त घटना क्रम के संबंध में ड्रग इंसपेक्टर को भी सुचित किया गया तथा आरोपीयान द्वारा किया गया कृत्य दण्डनीय पाया जाने थाना पचोर मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### प्रकरण की जांच एवं विवेचना

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) द्वारा अवैध गतिविधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के. एल. बंजारे के मार्गदर्शन में, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अरविंद सिंह के निर्देशन में, थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपियान से पुछताछ कर बिना लेबल के इंजेक्शन एंव दवाईंया के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तो आरोपी शाहिद ने बताया कि उसके द्वारा राजस्थान मेडीकल कामा जिला डीग से इंजेक्शन एंव दवाईयां खरीदी गई गई थी जिसकी तस्दीक में टीम रवाना होकर राजस्थान मेडीकल कामा जिला डीग पहुंची जंहा पर मेडीकल संचालक हनीफ खान से पुछताछ की गई जिसके द्वारा अपराध मे सम्मिलत होना स्वीकार करने पर मेडीकल संचालक हनीफखान को आरोपी बनाया दाकर मेडिकल लायसेंसे निरस्त करने हेतु ड्रग इंस्पेक्टर भरतपुर राजस्थान को प्रतिवेदन लेख किये गया।

#### आरोपी से की गई बरामदगी

दवाईयों में DICLOFENAC DIETHYLAMINE VIRGIN LINSEED OIL] METHYL SALICYLATE MENTHOL GEL ¼VOVILAD GEL½ B-NO-250F002 dh 24 VÎqc cSp ua 250,Q003 dh 212 VÎwc LASIX TABLETS B-NO-4P3556A dh 375 TABLETS ,oa LASIX TABLETS B-NO- 4P3111A dh 75 TABLETS व लेबल रहित कांच की शीशीयां जो शील बंद नहीं थी की 250 शीशीयां जिनमे सफेद रंग का ड्रग द्रव अवस्था में भरा हुआ है जिसे आरोपी शाहिद खान द्वारा Triamcinolone Acetonide injection होना बताया है, 300 सीरिज, 29 निडिल को तथा अपराध में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट कार रजिस्टेशन क्र. एचआर 72 बी 4066 कुल कीमती 650000 रुपये।

#### टीम का महत्वपूर्ण योगदान

उक्त प्रकरण की सफलतापूर्वक विवेचना एवं कार्रवाई में निम्न पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा 1. उप निरीक्षक आदित्य सोनी,02 उनि राहुल सेंधव, 03. बउनि सुरेश कुमार मेवाडे, 04. प्र. आर. 336 चेतनसिंह, 05. प्र. आर. 135 युगल किशोर 06, प्र. आर. 160 हेमंत भार्गव, 07.आर. सुनील जाट 08 आर. 834 जगदिश मीणा, महिला 09.प्र.आर.386 माया निगम, 10. प्र. आर. राजकिशोर, 11.मे. आर. 896 माया राजपुत 12. सेनिक 894 धर्मेन्द्र 12. प्रधान आरक्षक 252 शंशाक सिंह (सायबर सेल राजगढ़)।

### प्रबंधक ने मांगा 3 दिन का समय

# जांच को वेयरहाउस से नहीं मिल पाई आउटसोर्स कर्मचारियों की जानकारी

### क्या कलेक्टर के जांच आदेश को जानबूझकर किया 1 महीने लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ

वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक

जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन

23 में से 12 कर्मचारी ही करते है काम बाकी का सिर्फ नाम

कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी

पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी

इनका कहना है...

कलेक्टर के आदेश को महिने भर तक टालमटोल करने वाले अधिकारी को मजबूरी में ही सही जांच करने जाना ही पडा। गुरूवार को राजगढ से टीम ब्यावरा वेयरहाउस गई जहां पर आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची और वेतन से संबंधित जानकारी ब्यावरा प्रबंधक से मांगी गई परंतु हैरत है कि दिनभर की जांच के बाद भी टीम को खाली हाथ ही लौटना पडा। जिला प्रबंधक बीडी सगर से बात करने के बाद पता चला की आउटसोर्स कर्मचारियों की जानकारी पाने में 3 दिन का समय और लगेगा। इससे समझा जा सकता है कि कलेक्टर के आउटसोर्स कर्मचारीयों की जांच करने के आदेश को कहीं जान बूझकर तो ठंडे बस्ते में नहीं डाल दिया गया था जिससे जांच को टाला जा सके।

#### संबंधित कर्मचारियों के बैंक स्टेटमेंट मंगवाए जाए तो होगा बडा खुलासा

जिन आउटसोर्स कर्मचारियों का बिना काम किए वेतन निकाला जाता रहा है यदि उनके बैंक स्टेटमेंट की जांच की जाए तो चैकाने वाले तथ्य सामने आ सकते है। क्योंकि सूत्र बताते है कि इन कर्मचारियों में से कईयों के एटीएम शिवमान सिंह राठौर अपने ही पास रखता था और वेतन के तौर पर डाले गए पैसों की निकासी भी शिवमान करता था। यदि जांच हुई तो शिवमान किसके कहने पर काम करता था इसकी भी पुष्टि हो जाएगी।

#### इनका कहना है...

हमारी टीम आज आउटसोर्स कर्मचारियों के बारे में जाचं करने ब्यावरा वेयरहाउस गई थी इसमें अभी 3 दिन का समय लगेगा।

बी डी सगर,जिला प्रबंधक
वेयरहाउस राजगढ

## सीहोर में जानलेवा हमले के आरोपी प्राथमिक शिक्षक को किया सस्पेंड

### जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया निलंबन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विगत दिवस सीहोर जिले के मंडी थानाक्षेत्र के तहत एक व्यक्ति पर जानलेवा हमले के आरोपी प्राथमिक शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा को जिला शिक्षाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सीहोर पुलिस द्वारा संबंधित शिक्षक को न्यायिक अभिरक्षा में लिए जाने की दिनांक 14 अक्टूबर से संबंधित शिक्षक के निलंबन की कार्रवाई हुई है।

#### क्या था पूरा मामला

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को ग्वालियर निवासी पंजाब सिंह एवं दिनेश धनगर अपनी कार से इंदौर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनकी कार चैपाल सागर के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाईक सवार शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा ने कार रुकवाकर पंजाब सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमला करने वाला हिम्मत सिंह राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के जामुनिया गौपचैहान संकुल केंद्र के तहत आने वाली शाला छापरीकलां में प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ है।सीहोर पुलिस ने उक्त घटना के तुरंत बाद कार्यवाही करते हुए शिक्षक मीणा को कस्टडी में ले लिया था। इस संबंध में राजगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा सीहोर पुलिस से किए पत्राचार उपरान्त आरोपी शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

## मंदिर में चोरी करने वाले धराए

### चोरी की गई राशि भी की गई बरामद




**माचलपुर।** गांव गोरियाखेड़ा में स्थित भेरू महाराज मंदिर की दान पेटी का अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर 15 हजार रूपये नगद राशि चुरा ली थी। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में बनेसिंह सोंधिया ने दर्ज करवाई थी तब से पुलिस विभिन्न साक्ष्य के आधार पर जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी, टी आई पूजा परिहार ने टीम गठित की सीसीटीवी फुटेज,मुखबिर सूचना तंत्र और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों की तलाश में अपनी टीम के साथ जुटी रही जिसका परिणाम सामने आया और चार आरोपियों जिसमें विष्णु पिता कालू वर्मा उम्र 20 वर्ष ,दुर्गेश पिता मदनलाल तंवर उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी सेदारा जागीर थाना भोजपुर तीसरा आरोपी लखन पिता कवरलाल मोंगिया उम्र 22 वर्ष निवासी कालाजी बाड़ली थाना खिलचीपुर चैथा आरोपी गोपाल पिता गोरधन वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी भोजपुर को गिरफ्तार कर राशि 10 हजार बरामद कर ली गई है। उक्त आरोपियों को न्यायलय में पेश किया जा रहा। इस कार्यवाही में टीआई पूजा परिहार, सउनि नरेश मीणा,आर धनराज, आर गोविंद, आर पप्पू दांगी, चालक आर सीताराम का योगदान रहा है।

## कृषकों के सहयोग से ही बनेगी सिंचाई परियोजना की दीर्घकालिक स्थिरता

### किसानों से संवाद कार्यक्रम में बोले अधिकारी-जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



कुंडालिया परियोजना के माध्यम से इस वर्ष क्षेत्र के 267 गांवों में करीब 76927 हैक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आगामी रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषक समुदाय में सहभागिता, जागरूकता ओर अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष किसान संवाद कार्यक्रम कृषक सेवा केंद्र, खुमानपुरा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोडमल नागर ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि "शासन, विभाग एवं किसान ये तीनों आपस में एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने इस त्रि-स्तरीय सहयोग को कृषि विकास की आधारशिला बताते हुए परियोजना के प्रति अपनत्व एवं जिम्मेदारी की भावना को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह सिंचाई तंत्र हम सब के लिए तैयार किया गया हैं, जिसे सहेजना भी हमारा ही कर्तव्य है। विभाग द्वारा तय मापदंड के अनुसार सभी किसान सिंचाई जल ले। किसी प्रकार की छेड़छाड़ सिस्टम में न हो। अगर ऐसा होता है तो खेतों तक पानी पहुंचाने में बाधा उत्पन्न होती हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि कुंडालिया परियोजना क्षेत्र के किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने मील का पत्थर साबित होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि किसानों को परियोजना के संसाधनों का सदुपयोग करते हुए नवाचार एवं तकनीकी प्रगति को अपनाना चाहिए।

#### दीर्घकालीन स्थिरता के लिए किसानों का सहयोग जरूरी

कार्यक्रम में अतिरिक्त परियोजना संचालक एवं परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने किसानों से आगृह किया कि वे परियोजना से जुड़ी सुविधाओं को साझा संसाधन के रूप में देखें और शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क के भुगतान में सहयोग करें ताकि योजना की दीर्घकालिक स्थिरता बनी रहे। श्री राजोरिया ने कहा कि परियोजना क्षेत्र के लाभान्वित किसान डेम से खेत तक की सिंचाई सुविधा का लाभ लेने जितने इच्छुक हैं, उससे कई ज्यादा हम पानी पहुंचाने प्रयासरत हैं। आपके उत्साह के साथ तकनीकी जानकारी भी जरूरी है, सिस्टम में किसी प्रकार का नुकसान नहीं हो यह भी आप सुनिश्चित करे, ताकि जल प्रदाय में परेशानी नहीं आए।

## मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक संपन्न अनिल बारकिया अध्यक्ष नियुक्त



**सारंगपुर।** बुधवार को साईं मंदिर परिसर में सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति की अध्यक्षता में मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने की। बैठक में मुक्तिधाम के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से अनिल बारकिया को समिति का नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा के कार्यकाल की सराहना की गई तथा हिन्दू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल, पर्यावरण प्रेमी संगठन,संस्था भारत सहित नगर के समाजसेवियों द्वारा उनका शाल-श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुक्तिधाम क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए समिति निरंतर कार्यरत है। वही नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल बारकिया ने विश्वास दिलाया कि वे समिति के सहयोग से मुक्तिधाम को आदर्श स्वरूप देने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। बैठक का संचालन सुशील व्यास ने किया तथा आभार समिति सचिव वैभव पुष्पद ने माना।इस दौरान अशोक साहू,सतीश गिरजे,मोहन सोलंकी,निकेश पुष्पद,रूपेश जोशी,अनिल जैन,संतोष प्रजापति,लक्ष्मीनारायण त्रिकार,विष्णु प्रसाद जोशी,नंदकिशोर सोनी,नारायण टेटवाल,रामबाबू नारोलिया सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।उक्त जानकारी हिन्दू उत्सव समिति मीडिया प्रभारी नवीन रुण्डवाल ने दी।

## प्राचीन लक्ष्मीनारायण झाली आश्रम में अन्नकूट उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन लक्ष्मीनारायण मन्दिर झाली आश्रम में बुधवार शाम अन्नकूट महोत्सव भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मन्दिर पुजारी ने भगवान लक्ष्मीनारायण सहित सभी देव प्रतिमाओं का अद्भुत श्रृंगार किया और छप्पन भोग प्रसादी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। पुजारी आचार्य राघवेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती उतारी और क्षेत्र की समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए , वही श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए।इस दौरान नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। गौरतलब है कि झाली आश्रम नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है, यहां वर्ष भर धार्मिक आयोजन चलते रहते है।

## सारंगपुर का वैभव हरि-हर मिलन और मां कालीसिंध की आरती बनेगी आस्था का आलोक पर्व



**सारंगपुर।** भक्ति का उत्सव, संस्कृति का गौरव यही है सारंगपुर का वैभव वैकुण्ठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर इस वर्ष सारंगपुर नगर माँ कालीसिंध मैया के पवित्र तट पर दिव्यता और श्रद्धा का अनुपम संगम साकार होने जा रहा है। हरि-हर मिलन एवं गंगा आरती कपिलेश्वर (कार्तिक) मेला का भव्य आयोजन 4 नवम्बर 2025, मंगलवार को सायं 5:30 बजे से आरंभ होगा। इस आयोजन की मुख्य प्रेरणा एवं समर्पण विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल द्वारा दी गई है, जिन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर आयोजन समिति को मूर्त रूप प्रदान किया है। उनके मार्गदर्शन में संपूर्ण व्यवस्थाएँकृ सुरक्षा, साज-सज्जा, दीपोत्सव एवं आरती स्थल की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

## बालश्रम मामले में पचोर के होटल संचालक पर एफआईआर

### श्रम, आबकारी एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में बाल श्रम के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पचोर के एसआर होटल में 13 वर्षीय बालक से काम करवाए जाने की सूचना अधिकारियों को मिली थी। सूचना के उपरान्त श्रम विभाग, आबकारी विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं अहिंसा सोसायटी ने एसआर होटल में छापेमारी करते हुए 13 वर्षीय बाल श्रमिक को मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। छापेमार कार्रवाई के दौरान इस होटल में शराब की बोतलें भी पाई गई। ऐसे में आबकारी विभाग से उपस्थित उप-निरीक्षक सौरभ कनासे द्वारा नियमानुसार प्रकरण पंजीकृत किया गया। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई गई है। इस दौरान सहायक श्रम पदाधिकारी सौरव कुमार गुप्ता, श्रम निरीक्षक मनोज कुमार चौहान, आबकारी विभाग सौरभ कनासे, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से सादिक अहमद, विशेष पुलिस इकाई से रमेश चन्द भिलाला, बाल कल्याण समिति सदस्य सुरेश चंद्रवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सुनीता नागर, सीटी थाना पचोर पुलिस सहित उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्य

## सतत निगरानी में रिनोवेट कर रहे ऑफिसर्स क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



स्थानीय पुरा क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचने पर इस क्लब में रिनोवेशन कार्य करवाया जा रहा है। क्लब को सुसज्जित एवं आधुनिक तरीके से नया रूप देने में का कार्य कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के सतत मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गुरूवार को क्लब परिसर का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति देखी। इस अवसर पर संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डाबर एवं पीआईयू अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने सीईओ गढ़पाले को अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। क्लब में जिम, कार्डियो, वेट ट्रेनिंग, बिलियड्र्स, बैडमिंटन तथा टेनिस जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं। यह स्थान जल्द ही अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फिटनेस, मनोरंजन और संवाद का केंद्र बनेगा। निर्माण कार्य पूरे उत्साह और गति से चल रहा है तथा माप-जोख का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## श्री शिवशंकर ताल पशु मेले का झंडा फहराकर किया गया शुभारंभ




**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला प्रसिद्ध श्री शिव शंकर ताल पशु मेला का उद्घाटन झण्डा फहराया कर विधायक हजारीलाल दांगी ने किया। लगभग एक पखवाड़े तक लगने वाले इस विराट मवेशी मेले का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा किया गया। हल्की-हल्की बुंदाबांदी के चलते छाता लगाकर पुजा अर्चना, ध्वज फहराया और आरती की।

उल्लेखनीय है कि लगभग साढ़े पांच दशक पहले 1973 से छापी बांध निर्माण उपरांत यह मेला कार्तिक पूर्णिमा पर लगता आ रहा है जिसमें दूरस्थ अंचल से व्यापारी पशुओं की खरीदी करने आते हैं। बैल, भैंस, बकरी इत्यादि पशु बड़ी संख्या में मेले में आते हैं। पशुओं का क्रय विक्रय का कार्य एक पखवाड़े के अंतर्गत होता है जिसमें पूर्णिमा के दिन चावड़ी खुलती है और उसी से नगर परिषद को भी बड़ी राशि प्राप्त होती है। नगर परिषद द्वारा जो टैक्स निर्धारित है वह पशुओं के क्रय विक्रय पर लिया जाता है जिससे नगर परिषद को भी एक मोटी आमदनी होती है। विष्णुसिंह पवांर ,ईश्वर सिंह तोमर, रमेश चंद शर्मा, कुशल कुशवाह, कमल झावा, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वज पूजन पं. नन्द किशोर शर्मा के द्वारा मंत्र उच्चारण करके पूजा अर्चना करवाई तत्पश्चात ध्वज फहराया कर आरती की। बुधवार को मेले की चावड़ी खुलेगी मेले में अच्छी नस्ल और स्वस्थ पशुओं का क्रय विक्रय होगा। इसी के साथ-साथ मनीहारी, जनरल आयटम की दुकानें, बच्चों के मनोरंजन के लिए मेला में झुले सहित विभिन्न मनोरंजन के साधन रहते हैं। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, देवनारायण दांगी, ब्रजेश उपाध्याय, रमेशचंद्र नाथ, ओंकार मंडलोई, जसवंत दांगी, रमेश मालवीय, विशाल दांगी आदि मौजूद रहे।